संख्या होम(एफ़एस)(एक्यू)(बी)(3)7/03-IX-

# निदेशालय अग्निशमन सेवाएं हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002

## विज्ञापन

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या होम-एफ(बी)2-2/2020 दिनांक 01.08.2022, होम-एफ(ए)1-13/2021 दिनांक 20.09.2022, होम-एफ(ए)1-13/2022 दिनांक 28.09.2022, होम-एफ(ए)1-1/2018 दिनांक 14.10.2022, होम-एफ(ए)1-1/2021 दिनांक 14.10.2022, होम-एफ(ए)1-1/2018 दिनांक 26.05.2023, होम-एफ(बी)1-6/2018 दिनांक 31.07.2024 तथा टीएसएम-ए(1)-1/2022 दिनांक 25.07.2024 की अनुपालना में हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग में फायरमैन (वर्ग-III) अराजपत्रित कर्मचारी के 102 पदों को बैचवाईज, अनुबन्ध आधार पर कुल वेतन मु. 12120/- रुपए प्रतिमाह की दर से भरा जाना है। प्रारम्भ में यह अनुबन्ध एक वर्ष के लिए होगा परन्तु इसे एक साल बाद और बढ़ाया जा सकता है। इन पदों के लिए आवेदक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश, बारनेस कोर्ट शिमला-2 के कार्यालय में दिनांक 16.09.2024 तक निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते है। दिनांक 16.09.2024 के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों की दिनांक 30.09.2024 से चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी जिसके लिए उन्हें उपरोक्त कार्यालय में दिनांक 30.09.2024 को प्रात: 10:00 बजे मूल प्रमाण पत्रों व उनकी एक-एक अनुप्रमाणित प्रति सहित उपस्थित होना होगा। इसके लिए अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। पदों का श्रेणीवार ब्यौरा/ योग्यताएं निम्न प्रकार से हैं:-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क) | सामान्य वर्ग | 56 पद | i) सामान्य श्रेणी | 37 पद |
| | | | ii) ई.डब्ल्यू.एस | 10 पद |
| | | | iii) भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 09 पद |
| ख) | अनुसूचित जाति वर्ग | 21 पद | i) अनुसूचित जाति | 15 पद |
| | | | ii) बी.पी.एल | 03 पद |
| | | | iii) स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों के लिए | 01 पद |
| | | | iv) भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 02 पद |
| ग) | अनुसूचित जनजाति वर्ग | 05 पद | i) अनुसूचित जनजाति | 02 पद |
| | | | ii) बी.पी.एल | 02 पद |
| | | | iii) भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 01 पद |
| घ) | अन्य पिछड़ा वर्ग | 20 पद | i) अन्य पिछड़ा वर्ग | 13 पद |
| | | | ii) बी.पी.एल | 02 पद |
| | | | iii) स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों के लिए | 02 पद |
| | | | iv) भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 03 पद |
| | | **102 पद** | **कुल पद** | **102 पद** |

www.UniqueFriends.in

**योग्यताएं:-**

1. **आयु सीमा:-** सामान्य वर्ग के लिए आयु दिनांक 01.01.2024 को 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए परन्तु अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए उच्चतम आयु सीमा में उतनी ही छूट दी जा सकेगी जितनी की हिमाचल प्रदेश सरकार के साधारण या विशेष आदेशों के अधीन अनुज्ञेय है।
2. **अनिवार्य अर्हताएं:-** हिमाचल प्रदेश होमगार्ड का सदस्य होना चाहिए या भूतपूर्व सैनिक होना चाहिए। ii)किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 102 स्तर की परीक्षा पास की हो या इसके समतुल्य या सेना का प्रथम श्रेणी का प्रमाण पत्र रखता हो iii) हिमाचल प्रदेश होमगार्ड का बुनियादी प्रशिक्षण कोर्स और हिमाचल प्रदेश अग्निशमन सेवा विभाग द्वारा संचालित एलिमैन्टरी फायर कोर्स उत्तीर्ण किया हो।
3. उम्मीदवार वर्ग-III के पद हेतु तभी पात्र होगा यदि उसने दसवीं तथा 10+2 की परीक्षा हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी स्कूल या संस्थान से उत्तीर्ण की हो, यद्धपि यह शर्त हिमाचल के स्थाई निवासी पर लागू नहीं होगी।
4. **न्यूनतम शारीरिक मानदण्ड:-**(1)न्यूनतम लम्बाई(कद)-165 सै.मी. (2) छाती बिना फुलाए-80 सै.मी., फुलाकर 85 सै.मी. (3) न्यूनतम वजन - 52 कि.ग्रा. (4) दृष्टि- 6/6 बिना चश्मे के।

विभिन्न श्रेणियों के प्रार्थी जिन्होंने निम्नलिखित बैच में एलिमैन्टरी फायर कोर्स उत्तीर्ण किया है, आवेदन कर सकते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य श्रेणी | 86 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 2 | सामान्य श्रेणी स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों के लिए | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 3 | सामान्य श्रेणी ई.डब्ल्यू.एस | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 4 | सामान्य श्रेणी के भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 5 | अनुसूचित जाति | 86 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 6 | अनुसूचित जाति बी.पी.एल | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 7 | अनुसूचित जाति स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों हेतु | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 8 | अनुसूचित जाति के भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 9 | अनुसूचित जनजाति | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 10 | अनुसूचित जनजाति बी.पी.एल | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 11 | अनुसूचित जनजाति के भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 12 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 13 | अन्य पिछड़ा वर्ग बी.पी.एल | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |
| 14 | अन्य पिछड़ा वर्ग के भूतपूर्व सैनिकों के लिए | 101 वां या इससे पूर्व का बैच |

Join Telegram For Free Update

उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य आवेदकों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**अतिरिक्त महानिदेशक**
**-एवं-निदेशक अग्निशमन सेवाएं,**
**हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002**

### बैच के आधार पर प्रशामक अनुबन्ध भर्ती के लिए आवेदन पत्र

Passport size photograph

1. गृ.र.सं.:
2. प्रार्थी का नाम पूर्ण पते सहित:
3. पिता का नाम:
4. शैक्षणिक योग्यता:
5. जन्म तिथि:
6. होमगार्ड बुनियादी कोर्स उत्तीर्ण करने की तिथि:
7. एलिमैन्टरी फायर कोर्स उत्तीर्ण करने की तिथि व बैच नं.:
8. एलिमैन्टरी फायर कोर्स में प्राप्त अंक /ग्रेडिंग:
9. कैटेगरी:
10. न्यूनतम शारीरिक मानदण्ड:-
    क- लम्बाई (कद):
    ख- छाती: i) बिना फुलाए ii) फुलाकर
    ग- भार:
    घ- दृष्टि:

क्या आप किसी अपराधिक मामले में संलिप्त हैं ? यदि हां तो ब्यौरा दें -

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा ऊपर दी गई सूचनाएं सही है। यदि इन मे कोई सूचना गलत पाई गई तो विभाग मुझे नौकरी से निकाल सकता है।

**प्रार्थी का मोबाईल नम्बर** **प्रार्थी के हस्ताक्षर**

**नोट: भर्ती से संबधित अन्य जानकारी हेतु निम्नलिखित माध्यम से संपर्क किया जा सकता है:-**

**दूरभाष नम्बर:- 0177-2629945, 0177-2622945**

**फैक्स नम्बर:- 0177-2629945, ई-मेल:- fire-hp@nic.in**

Advt No. 0347/24-25